प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में अंतर–विश्वविद्यालय खेल महोत्सव के फाइनल मुकाबले खेले गए

पंतनगर। 25 फरवरी 206। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के स्टीवेंसन स्टेडियम में आयोजित उत्तराखंड राज्य अंतर–विश्वविद्यालय खेल एवं क्रीड़ा महोत्सव 2025–26 के तीसरे दिन विभिन्न टीमों के बीच फाइनल प्रतियोगिताएं खेली गईं। 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के आकाश चौहान प्रथम, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के अंशुल द्वितीय तथा दून विश्वविद्यालय, देहरादून के जय चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय की कनिष्का मनचंदा प्रथम, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा की नेहा द्वितीय तथा श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल की सोनिया तृतीय स्थान पर रहीं।

लंबी कूद के महिला वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की जसकरन कौर प्रथम, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की निक्की पांडे द्वितीय एवं उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून की खुशी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर एवं श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के बीच खेला गया। वहीं दूसरा मुकाबला कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल एवं दून विश्वविद्यालय, देहरादून के बीच हुआ। महिला वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल एवं सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के बीच मुकाबला खेला गया, जबकि दूसरा मुकाबला श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल एवं दून विश्वविद्यालय, देहरादून के बीच हुआ।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल दो टीमों के बीच खेला गया। पुरुष वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल और श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के बीच मुकाबला हुआ। वहीं महिला वर्ग में भी कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल और श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल की टीमें आमने–सामने रहीं।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल और दून विश्वविद्यालय, देहरादून के बीच मुकाबला हुआ। वहीं महिला वर्ग में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर तथा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के बीच प्रतियोगिता खेली गई। बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल और श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के बीच मैच खेला गया। वहीं महिला वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल और सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के बीच मुकाबला हुआ। इस अवसर पर प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा, डा. पूनम त्यागी, डा. राजीव रंजन, डा. भास्कर तिवारी, डा. पारस, श्री प्रभाकर जोशी एवं चीफ रेफरी श्री रमेश खरकवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।